**13/08**/2025

आकाशवाणी ईटानगर

भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन-ISMR का तीसरा दौर आज नई दिल्ली में आयोजित हुआ। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, रेल सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ इस गोलमेज सम्मेलन का नेतृत्व किया। सिंगापुर के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सिंगापुर के उप प्रधानमंत्री गान किम यांग ने किया। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, डॉ. जयशंकर ने भारत-सिंगापुर व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मज़बूत करने की उनकी प्रतिबद्धता के लिए उनका धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि भारत-सिंगापुर मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन की भारत-सिंगापुर व्यापार गोलमेज सम्मेलन (ISBR) प्रतिनिधिमंडल के साथ सार्थक बातचीत हुई।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 अगस्त को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम का 125वीं एपिसोड होगा। लोग इस कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल-फ्री नंबर 1800-11-7800 पर भेज सकते हैं। वे नरेंद्र मोदी ऐप या MyGov ओपन फ़ोरम के माध्यम से ऑनलाइन भी अपने विचार साझा कर सकते हैं। आगामी एपिसोड के लिए सुझाव इस महीने की 29 तारीख तक स्वीकार किए जाएँगे।

0000000000000000000000

राष्ट्रव्यापी 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने आज ईटानगर स्थित राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय ध्वज वितरित किया। इस अभियान का उद्देश्य हर घर को गर्व और सम्मान के साथ तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना है, जिससे यह कार्य राष्ट्र प्रेम की सामूहिक अभिव्यक्ति बन सके।

0000000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने आज लोहित ज़िले के वाकरो में "हर घर तिरंगा" अभियान की शुरुआत की। यह तिरंगा यात्रा छियालीसवीं चौंगखाम-वाकरो भाजपा मंडल इकाई द्वारा उनासीवें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में और ऑपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता का जश्न मनाने के लिए आयोजित की गई थी।

0000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष प्रोफ़ेसर प्रदीप लिंग्फा ने एपीपीएससी सदस्यों के साथ आज राजभवन, ईटानगर में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी.परनाइक से मुलाकात की। बैठक में आयोग ने राज्यपाल को 2024-25 के लिए अपनी वार्षिक रिपोर्ट सौंपी। प्रोफ़ेसर लिंग्फा और एपीपीएससी टीम को बधाई देते हुए, राज्यपाल ने निष्पक्ष और सुचारू परीक्षा प्रक्रिया सुनिश्चित करने में उनके समर्पण और दक्षता की सराहना की। राज्यपाल ने एपीपीएससी चेयरमेन को आयोग के कार्य के हर पहलू में ईमानदारी, पारदर्शिता और दक्षता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने की सलाह दी, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि संस्थान में जनता का विश्वास मजबूत बना रहे।

0000000000000000000000

देशभक्ति और सांस्कृतिक विरासत के एक जीवंत उत्सव के तहत तवांग ज़िले में नोर्थ ईस्ट ज़ॉनल कलचरल सेंटर, दीमापुर, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार और कला एवं संस्कृति विभाग के सहयोग से, सरकारी माध्यमिक विद्यालय, सेरू में "हर घर तिरंगा अभियान 2025" का आयोजन किया। इस उत्सव ने "हर घर तिरंगा" आंदोलन की सच्ची भावना को प्रतिबिंबित किया, जो राष्ट्रीय गौरव और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण को बढ़ावा देता है।

0000000000000000000000

तवांग उपायुक्त नामग्याल आंग्मो की अध्यक्षता में तवांग जिले के क्यिडफेल ब्लॉक के लिए पंचायत उन्नति सूचकांक PAI 2.0 और सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के स्थानीयकरण पर एक ब्लॉक-स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम तवांग उपायुक्त कार्यालय के कोंफ़ेरेंस हॉल में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम राज्य ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान (**SIRD&PR**) द्वारा जिला पंचायती राज विभाग, तवांग के सहयोग से आयोजित किया गया था।

0000000000000000000000

आकाशवाणी, तेजू ने बेम्बूसा लाइब्रेरी के सहयोग से कल तेजू के सिनियर स्कूली छात्रों के लिए सेंकेंड एनुअल इंडिपेंडेंस डे प्रश्नोत्तरी का सफल आयोजन किया। इस वर्ष 8 स्कूलों के कुल 27 छात्रों ने भाग लिया। इस आयोजन में वीकेवी ताफ़्रोगाम विजेता रहा, उसके बाद केबीएम स्कूल और वीकेवी सुनपुरा दूसरे और तीसरे स्थान पर रहें। इन्हीं टीमों ने पिछले वर्ष की स्वतंत्रता दिवस प्रश्नोत्तरी भी जीती थी।

0000000000000000000000

विश्व अंगदान दिवस के अवसर पर, भारतीय सेना ने आज जोनाई गर्ल्स कॉलेज में "अंगदान - जीवन संजीवनी अभियान" विषय पर एक अंगदान जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में ईस्ट सियांग और असम के जोनाई जिलों के 800 से अधिक छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया।

0000000000000000000000

ईस्ट कामेंग जिला प्रशासन ने भारतीय सेना के सहयोग से आज सेप्पा में "सरकार आपके द्वार" का आयोजन किया। इसके तहत चिकित्सा शिविर में, 3000 से अधिक लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच और नेत्र परीक्षण का लाभ उठाया। आयोजन में भारतीय सेना ने इस्ट कामेंग में आपातकालीन प्रतिक्रिया और ग्रामीण स्वास्थ्य ढाँचे को मज़बूत करने के लिए एक एम्बुलेंस और आवश्यक चिकित्सा उपकरण दान किए।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज अरुणाचल प्रदेश के 5 जिलों ईस्ट कामेंग, पाके केसांग, पापुम पारे, कुरूंग कुमे, और अंजाव के लिए ऑरेंज अलर्ट साथ ही अन्य 17 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलो में अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश होने की संभवना है।

00000000000000000000